हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार, 17 दिसंबर 2023

15 मटका दौड़ में प्रमिला व साइकिल दौड़ में मीनू प्रथम



16 व्यिांगजन आयुक्त ने सुनीं 80 समस्याएं



## खबर संक्षेप

### श्रीसीता रामजी का विवाह उत्सव आज

**भिवानी।** हर वर्ष की भांति श्रीखाकी बाबा रामचरित मानस मंदिर प्रांगण में महंत रामकृपा दास महाराज के सानिध्य में 17 दिसंबर रविवार को मार्गशीष शुक्लपक्ष पंचमी तिथि पर सांय पांच बजे श्रीसीता रामजी का विवाह उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव में हवन-यज्ञ, भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तजन भाग लेंगे।

### इंटर डिस्क चयन प्रतियोगिता 24 को

**भिवानी।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के प्रधान अधिवक्ता दिलबाग ने बताया कि इटर डिस्क की चयन प्रतियोगिता 24 दिसंबर रविवार को राजकीय स्कूल मुंढाल में होगी, जिसमें रनिंग, थ्रो, जैम्प के इंवेट 14 से 16 आयुवर्ग के लड़के व लड़कियों के लिए आयोजित किए जाएंगे तथा जिला क्रॉस कंटरी की चयन प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता का आयोजन कोच राममेहर सिंह बूरा की देखरेख में किया जाएगा।

### धोखाधड़ी कर महिला के खाते से 44 हजार हड़पे

**तोशाम।** तोशाम निवासी महिला के खाते से अज्ञात ने धोखाधड़ी कर 44 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। तोशाम निवासी पवन ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्रवधू मोनिका के पास किसी अज्ञात नंबर से फोन आया कि मैं तुम्हारा जानकार बोल रहा हूं और मुझे तुम्हारे खाते में पैसे डलवाने हैं। उसके कहे अनुसार मोनिका ने पहली बार में 25 हजार रुपये तथा दूसरी बार में 19 हजार रुपये फोन पे कर दिए, लेकिन पीड़ित मोनिका को बाद में पता चला कि वह उनका जानकार नहीं था और उसने हेराफेरी करके 44 हजार रुपये धोखाधड़ी से उसके खाते से हड़प लिए हैं। पीड़ित महिला मोनिका के ससुर पवन ने शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### जिंदल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव आज

**तोशाम।** जिंदल पब्लिक स्कूल का वार्षिक सांस्कृतिक एवं पारितोषिक वितरण समारोह रविवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मवीर सिंह बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। प्राचार्य एसके शर्मा ने बताया कि समारोह के दौरान पूरे वर्ष में विभिन्न क्षेत्रों में शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यालय, खंड, जिला व राज्य स्तर पर अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे विद्यालय परिसर में प्रारंभ होगा।

### युवती के गुमशुदा होने पर केस दर्ज

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा पुलिस ने गुमशुदा होने पर मामला दर्ज किया है। पुलिस में दी शिकायत में खंड के गांव की महिला ने शिकायत दी कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है, वह 13 दिसंबर को रात से गायब हो गई, हालांकि परिवार के सभी सदस्य पहले की भांति घर में सोए हुए थे और चारों कमरे बंद थे। रात को उसका पति पानी पीने के लिए उठा तो देखा उसकी पुत्री घर पर नहीं थी, जिसको लेकर काफी तलाश करने पश्चात भी उसका कहीं पता नहीं चला।

### चोर ने मिलकपुर में दुकान से सामान चुराया

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर के बस स्टैंड पर इलेक्ट्रोनिक्स दुकान में चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुर्जनपुर निवासी तेजपाल ने पुलिस को बताया कि उसने मिलकपुर बस सटैंड पर सोलथ इलेक्ट्रोनिक्स की दुकान की हुई है। शुक्रवार को उसकी दुकान में से दो बैटरी, 5 इंवर्टर, 1 छत का पंखा, 4 टोर्च, 10 से 12 हजार नकदी, 42 इंच की एलईडी आदि सामान द्वारा चोरी कर लिए जिसकी कीमत लगभग चालिस हजार रुपये है।

# निर्माण की धीमी गति से क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानी

## कृष्णा कॉलोनी रेलवे फाटक के दिनोद रोड पर बनाया जा रहा रेलवे ओवरब्रिज

हरिभूमि न्यूजः भिवानी





कृष्णा कॉलोनी रेलवे फाटक के दिनोद रोड पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में अधिकारियों द्वारा बरती जा रही ढ़िलाई के चलते क्षेत्रवासी करीब तीन साल से खासे परेशान हैं और लोगों के शहर में आवागमन करने तक की समस्या बनी हुई हैं, जिसकारण क्षेत्रवासी बार बार धरना प्रदर्शन कर आरओबी निर्माण में तेजी लाने की मांग करते रहे हैं, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई हैं, जिसका खामियाजा फाटक पार रहने वाले हजारों बुजुर्ग, महिला, पुरुष व विद्यार्थियों को झेलनी पड़ रही हैं।

उल्लेखनीय हैं कि रेलवे स्टेशन के कुछ ही दूरी पर कृष्णा कॉलोनी जीतूवाला रेलवे फाटक हैं, जहां पर अक्सर रेलगाड़ियों के इंजन आदि बदलने के लिए संटिंग होने, यात्री गाड़ियों की वाशिंग व माल गाड़ियों के अक्सर खड़े रहने के कारण ज्यादा समय तक फाटक बंद रहती थी और क्षेत्रवासियों व विद्यार्थियों को अक्सर मालगाड़ी के नीचे से निकलकर जाना पड़ा था, जिसके चलते कई बार हादसे भी हुए और अनेक लोगों को इसमें अपनी जान तक गवानी पड़ी। आय दिन फाटक बंद होने की समस्या के चलते इस पर आरओबी बनानी की मांग उठने लगी और सरकार ने इसे मंजूरी भी दे दी, लेकिन अब रेलवे ओवरब्रिज का धीमी गति से हो रहा निर्माण क्षेत्रवासियों की गले की फांस बन गया हैं।

### घरों से निकलना तक दूभर

कृष्णा कॉलोनी फाटक पार जीतूवाला जोहड़ क्षेत्र में आरओबी निर्माण को लेकर खोदे गए गहरे गढ्डों में कई फुट तक पानी जमा हैं और घरों के दरवाजों से बिल्कुल सटाकर ही गढ्डे खोदे गए है, जिसकारण लोगों को घरों से निकलना तक दूभर हो गया हैं। लोगों का शहर की तरफ जाना तक बंद हो गया है और जाने पड़े तो काफी घूमकर जाना पड़ता हैं।

**स्कूली बच्चों के लिए बनी आफतः** आरओबी निर्माण में ढिलाई का सबसे अधिक प्रभाव स्कूली बच्चों पर पड़ रहा हैं, जिन्हें स्कूल पहुंचने के लिए काफी दूर दराज से घूमकर जाना पड़ता हैं और परेशानी उठानी पड़ रही हैं। विद्यार्थियों के साथ साथ माता पिता को भी उनके साथ जाना पड़ता है, कहीं गढ्डों में जमा पानी में कहीं पैर न फिस जाएं और कोई अनहोनी न हो जाए। क्षेत्रवासी मनफूल, रोहताश, कमल, हजारीलाल, पंकज, सोनू, धर्मेंद्र, जितेंद्र, सुरेश ने बताया कि पुल के निर्माण को लेकर जितनी खुशी थी, उससे अधिक अब हमें परेशानी होने लगी हैं। पुल निर्माण में देरी होने से परेशानियां बढ़ गई हैं। पहले सुबह काम के लिए निकल जाते थे और बच्चे खुद स्कूल चले जाते थे, लेकिन अब उन्हें आरओबी निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे से निकालना पड़ता हैं और वापस घर पहुंचने तक टेंशन बनी रहती हैं। जनस्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण लोगों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। सीवरेज का पानी बस्तियों में लोगों के लिए समस्या का सबब बना हुआ है और पेयजल की भी समस्या बनी हुई हैं। निर्माण कार्य के चलते सीवर व पेयजल लाइन भी डेमेज हो गई हैं, जिसका खामियाजा क्षेत्रवासी भुगत रहे हैं।

### सांसद ने किया आरओबी के निर्माण का निरीक्षण

सांसद धर्मबीर सिंह ने कार्यक्रम में जाते समय आरओबी के निर्माण कार्य का क्षेत्रवासियों के साथ निरीक्षण किया और इस संबंध में मुख्यमंत्री और अधिकारियों से बातचीत करने का आश्वासन दिया। क्षेत्रवासियों ने सांसद को निर्माण के कारण आ रही समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। वहीं सांसद धर्मवीर सिंह के समक्ष ओवरब्रिज के कारण दुर्गा कॉलोनी, दिनोद गेट रोड व कृष्णा कॉलोनी सहित अनेक स्थान पर आने-जाने की समस्या, सीवरेज की समस्या व सीवरेज के पानी वाटर सप्लाई के समाधान की बात रखी।



भिवानी। बाल सेवा आश्रम में बच्चों से बातचीत करते सेशन जज अग्रवाल।

# सेशन जज ने बाल सेवा आश्रम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- न्यायाधीश ने बच्चों की पढ़ाई, भोजन, वस्त्र आदि सुविधाओं पर ध्यान देने के दिए आदेश
- आश्रम के बच्चों का हाल-चाल जानते हुए प्रबंधक को जरूरी दिशा-निर्देश दिए

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल, प्राधिकरण के सचिव-कम-सीजेएम कपिल राठी व सीजेएम रीतू ने बाल सेवा आश्रम का औचक निरीक्षण कर आश्रम द्वारा बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। सेशन जज ने आश्रम के बच्चों का हाल-चाल जानते हुए आश्रम प्रबंधक को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम के प्रबंधक से आश्रम के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

### प्रोटीन युक्त भोजन दें

सेशन जज अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को हमारे संविधान में उचित पालन पोषण उनके सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त अधिकार दिए हैं। आश्रम की प्रबंध समिति को बच्चों की पढ़ाई, भोजन, वस्त्र अन्य आवश्यक सुविधाओं पर पूरा ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बच्चों से उनको दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने आश्रम समिति सदस्यों को शिक्षा के सुधार संबंधी जरूर निर्देश दिए। आश्रम में रह रहे बच्चों को प्रत्येक दिन अलग-अलग डाइट चार्ट बनाकर प्रोटीन युक्त भोजन दिया जाए व बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच के भी निर्देश दिए। उन्होंने भोजनालय व शयन कक्ष की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति सदस्य रोशनलाल, बाल सेवा आश्रम का स्टाफ मौजूद रहा।

# मांगों को लेकर नर्सिंग ऑफिसर्स ने काले बैज लगाकर जताया रोष, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

- प्रदेशभर का नर्सिंग कैडर 15 से 20 दिसंबर तक काले बैज लगाकर अपना रोष प्रकट करेगा

सरकार द्वारा नर्सिंग कैडर की मांगों की अनदेखी के चलते स्थानीय सीएचसी नर्सिंग स्टाफ द्वारा काले बैज लगाकर रोष प्रकट किया गया। बाद में उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एसएमओ डा. गौरव चतुर्वेदी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा।

नर्सिंग ऑफिसर्ज ने ज्ञापन में बताया कि सरकार द्वारा उनकी मांगों की निरंतर अनदेखी की जा रही है तथा उनकी मांगों पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा। ऐसे में प्रदेशभर का नर्सिंग कैडर 15 दिसंबर से 20 दिसंबर तक काले बैज लगाकर अपना रोष प्रकट करेगा। उन्होंने कहा कि विरोध के दौरान विभागीय कार्य को बाधित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय रहते उनकी मांगे नहीं मानी तो आने वाले समय में वे रणनीति बनाकर आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे और इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसएनओ सुशीला, वंदना सोलंकी, प्रीति सैनी, वीना योगी, शीला, पूजा, रजनी, सविता, प्रकाश, मनीष शर्मा, राकेश, सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# युवक पर लड़की का पीछा करने का आरोप

- बाढ़ड़ा बस स्टैंड पर धुनाई कर पुलिस के किया हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा



भिवानी। युवक को पुलिस थाने लेकर जाती पुलिस राइडर।

बाढ़ड़ा बस स्टैंड पर शनिवार दोपहर बाद लड़की का पीछा करने वाले युवक की वहां मौजूद लोगों ने जमकर धुनाई कर दी। इस दौरान बस स्टैंड पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस राइडर वहां पहुंची और युवक को अपने साथ पुलिस थाने ले गई। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेंद्रगढ़ जिला निवासी युवक लड़की का पीछा कर रहा था। लड़की ने बताया कि उक्त युवक के साथ उसकी मंगनी तय हुई थी लेकिन काफी दिन पहले उनकी मंगनी टूट चुकी है लेकिन उक्त युवक उसका पीछा कर रहा है। लड़की ने बताया कि जब वह बाढ़ड़ा बस स्टैंड पर पहुंची तो वह वहां पहुंच गया और उसके बाद वह बाढ़ड़ा के क्रांतिकारी चौंक की ओर गई तो वहां भी उसका पीछा किया। बाद में लड़की ने बस स्टैंड पर आकर परिजनों को सूचना दी। इस दौरान परिजन भी वहां पहुंच गए और उन्होंने बस स्टैंड गेट पर उक्त युवक को पकड़ लिया और बाद में वहां मौजूद लोगों के साथ मिलकर उसकी जमकर धुनाई कर डाली। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस राइडर बस स्टैंड पहुंची और युवक को अपने साथ पुलिस थाने ले गई। वहीं लड़की व उसके परिजनों को भी पुलिस थाने बुलाया गया और पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

# हमारा परिवार ने विद्यार्थियों का किया सम्मान



भिवानी। विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र वितरित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हमारा परिवार भिवानी इकाई द्वारा राजकीय कन्या वमा विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए सेवार्थ कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 41 जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्मवस्त्र देकर सम्मान दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाजसेवी डॉ. महेंद्र पंवार, उद्योगपति सुशील बुवानीवाला, डॉ. मनोज शर्मा, राजकुमार, धर्मेंद्र भाटिया, गौरव पोपली, सुरेश आदि मौजूद रहे।

इस श्रृंखला में आज हमारा परिवार भिवानी इकाई द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गर्मवस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्मवस्त्र से सम्मानित किया। इस प्रकार की मदद से हम अंतिम छोर के व्यक्ति को नजदीक कड़ी में खड़ा कर सकते हैं, इसलिए इस प्रकार के सेवा भाव कार्य समय समय पर होने चाहिए। विवेकानंद, गुरु नानक देव, स्वामी दयानंद सरस्वती सहित अनेक महान पुरुषों के जीवन प्रसंग से प्रेरणा लेकर हमें हमारी संस्कृति के अनुरूप और हमारी परंपराओं के अनुसार सेवा भाव को हमेशा आगे रखना चाहिए।

# नगर पालिका चुनावों की कवायद शुरू, सभी वार्डों का निकाला ड्रा

- नगरपालिका सचिव तेजपाल सिंह ने बताया कि वार्ड 1,4,5 और 8 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू


लोहारू नगरपालिका के सभी 14 वार्डों के आरक्षण का ड्रा निकाल दिया गया तथा अब प्रशासन ने नपा पार्षदों व नपा अध्यक्ष के चुनावों की कवायद शुरू कर दी है। सूचना के अनुसार जल्दी ही नगरपालिका अध्यक्ष पद के ड्रा भी जल्दी निकाला जा सकता है। नपा सचिव तेजपाल सिंह से मिली जानकारी के अनुसार लोहारू इस बार 14 वाडांर्‌ बनाए गए हैं तथा वार्ड बंदी का कार्य भी पहले ही निर्धारित समय में पूरा कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 1, 4, 5 और 8 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होंगे, जिनमें से वार्ड न्बर एक व पांच अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित होंगे। वार्ड 6 पिछड़ा वर्ग क से संबंधित लोगों के लिए व इस वर्ग की महिला के लिए आरक्षित होगा। वार्ड 2 व 11 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। वार्डों का ड्रा होने के साथ ली लोहारू शहर राजनीति सरगर्मियां तेज होने लगी।

## कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# चौधरी चरणसिंह सही मायनों में थे किसान हितैषी

- सिंघानी में भाजपा 24 को किसान दिवस के रूप में मनाएगी चौधरी चरणसिंह का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



भिवानी। सिवानी में बहल व सिवानी खंड के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कृषि मंत्री जेपी दलाल।

भाजपा 24 दिसंबर को लोहारू विधानसभा क्षेत्र के गांव सिंघानी में चौधरी चरणसिंह का जन्मदिवस किसान दिवस के रूप में मनाएगी। इस दिन लोहारू विस क्षेत्र के हजारों किसान स्वर्गीय चौधरी चरणसिंह को नमन कर उनके द्वारा किसान हित में किए गए कार्यों को याद करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहरलाल मुख्यातिथि होंगे, जबकि प्रदेश प्रभारी विप्लव देव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी सहित अनेक मंत्री, विधायक व पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। ये कार्यक्रम लोहारू विधानसभा क्षेत्र का अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा, ये बात कृषि मंत्री जेपी दलाल ने सिवानी की श्रीकृष्ण प्रणामी धर्मशाला में बहल, सिवानी के भाजपा कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक में कही। उन्होंने कहा कि चौधरी चरणसिंह सही मायनों में किसान हितैषी थे, उन्होंने अपना सारा जीवन किसानहित के लिए समर्पित किया। देश के हर वर्ग का व्यक्ति पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित है।

**हिसार में बनने वाले हवाई अड्डे से होगा सिवानी क्षेत्र का विकासः** कृषिमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में आधारभूत ढांचे की मजबूती के लिए ऐसी विकास योजनाएं क्रियांवित कर रही है जिससे प्रदेश के हर हिस्से का विकास हो। हिसार में देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे का निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे सिवानी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा और सिवानी क्षेत्र में अनेक उद्योगों की स्थापना होगी।

# कर्मचारियों ने अवैध कब्जे की सामग्री को कब्जे में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



भिवानी। नगरपालिका की भूमि पर कब्जा हटाते नपा कर्मचारी।

नगर पालिका सचिव विनय कुमार द्वारा बवानीखेड़ा में कार्यग्रहण करने पश्चात कब्जाधारियों के मंसूबों पर पानी फेरा जा रहा है, जिसको लेकर वार्ड 4 में बाईपास रोड पर चल रहे अवैध कब्जे को लेकर चल रहे निर्माण को लेकर सचिव के आदेशानुसार पटवारी संदीप, सफाई दरोगा प्रदीप, ऋषि कुमार सहित अनेक सफाई कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कार्य रुकवाया।

हालांकि तत्कालीन सचिव संदीप गर्ग ने इस अभियान को चलाया हुआ था, उनके स्थानांतरण के बाद विनय कुमार ने सचिव पद की बागडोर संभालते हुए कब्जों पर अंकुश लगाना शुरू कर दिया है, जिससे कस्बा में कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है। नपा सचिव विनय ने बताया कि नपा की भूमि पर कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अगले साल के लिए ऐसा बनाएं पोर्टफोलियो, रहेंगे फायदे में

## इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मिलेगा हाई रिटर्न, राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही

- वर्तमान वैल्युएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन
- शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा, सभी फंडों में दिख रहा उछाल, दे सकता है बढ़िया रिटर्न
- बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल से पार गया, निवेशकों ने करोड़ों कमाए
- निफ्टी भी 21150 के पार निकला और लाखों निवेशकों को दे गया अच्छा मुनाफा

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं और अगले साल अच्छा मुनाफा चाहते हैं जो कुछ बातें पल्ले गांठ बांध लें और निवेश के लिए तैयार हो जाएं। अपने पोर्टफोलियों को इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मजबूत बना लें और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए तैयार हो जाएं। इससे आपको हाई रिटर्न मिलेगा और आप आसानी से मालामाल हो जाएंगे। राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही हैं। जो निवेशकों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। तो आप भी निवेश के लिए तैयार हो जाएं और नए साल से पहले अपने पोर्टफोलियो को रीबैलेंस करने के बारे में विचार करें। वैसे भी शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है।

बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल को पार कर गया तो निफ्टी भी 21150 के पार निकल गया। साल 2023 में दोनों इंडेक्स में 16 से 17 फीसदी तेजी आई है। ऐसे में बाजार का वैल्युएशन एक चिंता वाली बात है। इसलिए नए साल के पहले अलग-अलग एसेट क्लास मसलन इक्विटी, डेट और गोल्ड में अपना पैसा बैलेंस तरीके अलोकेट करना चाहिए, ताकि पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाइड तरीके से मजबूत किया जा सके। साथ ही आने वाले दिनों में रिस्क कम करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। बाजार के जानकारों का कहना है कि इस साल आप सधी शुरूआत के साथ बाजार में उतरेंगे और अपनी रिस्क क्षमता के साथ सावधानीपूर्वक बाजार का मंथन कर निवेश करेंगे तो बेहद कम समय में ही मालामाल होकर अपने भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित कर लेंगे। इस रिपोर्ट में हम आपको कुछ ऐसे ही ऐसेट्स बताएंगे जो आपको निवेश करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। हलांकि बाजार में उतार-चढ़ाव तो बना ही रहता है।

### अभी किस एसेट पर क्या व्यू

- इक्विटीः ओवरवेट - बेहतर मैक्रो के चलते बाजार में रहेगी तेजी
- डेट : न्यूट्रल
- गोल्ड : न्यूट्रल
- इक्विटीः रैली बनाए रखने पर बाजार की नजर

कई ब्रोकरेज हाउस के अनुसार फेवरेबल मैक्रोज के चलते बाजार की अभी एक और रैली पर नजर है। ओवरआल इक्विटी मार्केट के पक्ष में मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक में बदलाव के कारण नवंबर 2023 भारतीय इक्विटी मार्केट के लिए एक रिकवरी महीना साबित हुआ, जिसके चलते निफ्टी ने 1 दिसंबर, 2023 को 20,268 के आल टाइम हाई को टच कर लिया और निवेशकों को बेहतर मार्जन दिया। कई मैक्रोइकोनॉमिक पैरामीटर्स में सुधार से मसलन, अमेरिका में 10-साल की बॉन्ड यील्ड में कूल-ऑफ, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स में सुधार, क्यू-2एफवाई-24 में मजबूत अर्निंग, और राज्य चुनावों में सत्ताधारी दल के बेहतर प्रदर्शन। सभी चीजें बाजार के अनुकूल दिखाई दे रही हैं। ऐसे में निवेशकों को घबराना नहीं चाहिए। हालांकि थोड़े लंबे समय के लिए निवेश करना चाहिए।

### निफ्टी के लिए बड़ा टारगेट

कुछ ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि वर्तमान वैल्युएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन दिख रहा है। बहरहाल, ब्रॉडर इंडियन मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में, 'ग्रोथ ऐट ए रीजनेबल प्राइस' थीम अभी के माहौल में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2024 के लिए निफ्टी का टारगेट बढ़ाकर 23,000 कर दिया है। यह और निवेशकों को लुभाने वाली बात है।



### अर्थव्यवस्था में जारी रहेगी मजबूती

विधानसभा चुनावों में 4 प्रमुख राज्यों में से 3 में भाजपा के धमाकेदार प्रदर्शन के बाद यह मैक्रोइकोनॉमिक नैरेटिव और मजबूत हुआ है। 2024 के आम चुनावों में राजनीतिक निरंतरता की इस कहानी ने बाजार के आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया है। इससे नीतिगत निरंतरता पर विजिबिलिटी भी बढ़ी है, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था को अपनी विकास गति को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, हमारा मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया है। जानकारों का कहना है कि अर्थव्यवस्था मजबूत रहेगी।

### कहां व कितना करें निवेश

| परिसंपत्ति | जोखिम | रूढ़िवादी | ग्रोथ | अग्रेसिव | |
|---|---|---|---|---|---|
| इक्विटी | 0% | 20% | 50% | 70% | 90% |
| सोना | 70% | 70% | 35% | 15% | 5% |
| ऋण | 30% | 10% | 15% | 15% | 5% |
| कुल | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% |

### सोनाः 'गिरावट पर खरीदें'



गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है। इससे आपको अगले साल बेहतर रिटर्न मिल सकता है। स्वर्ण बाजार के जानकारों का मानना है कि अगने साल सोना 65 से 70 हजार प्रति दस ग्राम तक के स्तर को भी छू सकता है। गोल्ड में निवेशकों को अच्छा मार्जन मिलने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, कहा भी जाता है कि सोने में निवेश सबसे सुरक्षित है। हालांकि जानकार सोने को गिरावट के बाद ही खरीदने की सलाह दे रहे हैं।

### बॉन्ड मार्केट

ब्रोकरेज हाउस ने जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नोन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।

### करंसी मार्केट को डायरेक्शन देने वाले इवेंट

1) एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2) विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3) तेल की कीमतें
4) कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5) महंगाई और विकास की गतिशीलता
6) फॉरेन फ्लो की दिशा



- निवेश में विविधता लाएं, निवेश बढ़ाते जाएं
- अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करें
- बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से करें निवेश
- अलग-अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करें
- अक्टूबर इक्विटी मार्केट के लिए सबसे अस्थिर महीना रहा

# डायवर्सिफिकेशन के सूत्र को अपनाएं

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं तो आपको अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करना चाहिए। न सिर्फ आकलन करना चाहिए, बल्कि बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से अलग अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करना चाहिए, ताकि आपके पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफिकेशन मिले और रिस्क को मैनेज करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। किस मार्केट साइकिल में आपको कितना पैसा कहां मसलन इक्विटी, गोल्ड, बांड या ऐसे दूसरे एसेट एसेट क्लास में होना चाहिए, इसका अपना खास महत्व है। एक ब्रोकरेज हाउस ने मल्टी एसेट अलोकेशन को लेकर अपनी एक रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट में उसने कई अहम बिंदुओं को उठाया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि आप किस तरह से अपने पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई कर खुद को अमीर बना सकते हैं और कैसे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

### अभी किस एसेट पर क्या है व्यू

#### इक्विटी-'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ'

रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर 2023 की बात करें तो यह इक्विटी मार्केट के लिए एक अस्थिर महीना साबित हुआ, क्योंकि इस दौरान निफ्टी 50 टॉप लेवल से 6 फीसदी तक करेक्ट हुआ है। इस गिरावट का कारण बनने वाले कुछ महत्वपूर्ण फैक्टर थे। पहलाः यूएस 10-ईयर बांड यील्ड में ग्रोथ। दूसराः मिड ईस्ट में चल रहे जियो-पॉलिटिकल टेंशन। तीसराः बढ़ती और अस्थिर कच्चे तेल की कीमतें। चौथाः कंजम्पशन ग्रोथ में नरमी।

### ये रहे विनर

हालांकि, स्मॉल और मिडकैप पिछले एक साल में 29% और 25% की ग्रोथ के साथ विनर रहे हैं। यहां से आगे, बाजार में एक स्टाइल और सेक्टर रोटेशन देखने की संभावना है, पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया। इसे ध्यान में रखते हुए, ब्रॉडर मार्केट में निकट अवधि में कुछ समय के लिए करेक्शन देखा जा सकता है और फ्लो लार्जकैप की ओर ट्रांसफर होने की संभावना है।

### ये सेफ्टी मार्जिन दे रहे

मौजूदा वैल्युएशन पर, हाई बांड यील्ड, बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों और मजबूत डॉलर सूचकांक के मौजूदा सीनेरियो के बीच लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन प्रदान करते हैं। बहरहाल, ब्रॉडर मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में, 'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ' थीम वर्तमान समय में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2023 के लिए निफ्टी का टारगेट 20,200 पर बनाए रखा है।

### बॉन्ड मार्केट

कुछ ब्रोकरेज हाउस जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नॉन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।

### गोल्ड

गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है।

### करंसी मार्केट को ये देते हैं दिशा

1. एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3. तेल की कीमतें
4. कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5. महंगाई और विकास की गतिशीलता
6. विदेशी प्रवाह की दिशा

# क्रेडिट कार्ड ईएमआई में क्यों करना पड़ता है 18% ज्यादा भुगतान

- क्रेडिट कार्ड के खर्च को ईएमआई में तब्दील करना चाहते हैं, तो जान लें जरूरी बातें
- **ईएमआई में आम तौर पर बताए गए ब्याज से ज्यादा भुगतान करना होगा**
- यहां तक कि नो कॉस्ट ईएमआई भी बिना लागत नहीं होती

बिजनेस डेस्क

यह बात तो आम तौर पर सभी लोग जानते हैं कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम को ड्यू डेट यानी देय तारीख तक पूरी तरह नहीं चुकाने पर काफी भारी-भरकम ब्याज देना पड़ सकता है। यह ब्याज कई बार सालाना 42 फीसदी तक भी हो सकता है। इसके अलावा कई बार लेट पेमेंट पेनाल्टी के तौर पर भी मोटी रकम देनी पड़ सकती है, लेकिन अगर आपने क्रेडिट कार्ड से कोई बड़ी खरीदारी की है और ड्यू डेट तक पूरी रकम चुकाना मुश्किल हो रहा है, तो एक उपाय पूरे पेमेंट को ईएमआई में तब्दील करने का होता है। ऐसी ईएमआई पर लगने वाला इंटरेस्ट उस ब्याज के मुकाबले कम होता है, जो पूरी रकम का भुगतान नहीं करने पर देना पड़ता है, लेकिन क्या आपको पता है कि क्रेडिट कार्ड की ईएमआई में बताए गए ब्याज के अलावा 18% एक्स्ट्रा कॉस्ट यानी अतिरिक्त लागत भी जुड़ी होती है।

### 'नो कॉस्ट ईएमआई' भी बिना लागत नहीं

कई बार आपको क्रेडिट कार्ड कंपनी/रिटेलर की तरफ से पूरी रकम को 'नो कॉस्ट ईएमआई' में तब्दील करने का ऑफर भी मिलता है। आम तौर पर लोग इससे काफी आकर्षित हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि 'नो कॉस्ट ईएमआई' का मतलब यह है कि आपको सिर्फ उतने ही पैसे देने हैं, जितने की आपने खरीदारी की है। इसके अलावा कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा, लेकिन आम तौर पर ऐसा होता नहीं है। अक्सर 'नो कॉस्ट ईएमआई' की भी लागत होती है। अगर आपको इस सुविधा का लाभ उठाने का फैसला करते समय इस बारे में जानकारी नहीं होगी, तो क्रेडिट कार्ड की ईएमआई का पेमेंट करते समय आपको झटका लग सकता है।

### ऐसा क्यों होता है


आपको पता होना चाहिए कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम पर लगने वाले ब्याज पर आपको गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) भी देना पड़ सकता है। दरअसल, वित्तीय संस्थानों की बहुत सारी सर्विसेज और चार्जेज जीएसटी के दायरे में शामिल हैं, जिनका बोझ आखिरकार ग्राहकों पर ही पड़ता है। क्रेडिट कार्ड पर लगने वाला इंटरेस्ट भी इसी कैटेगरी में शामिल है, जिस पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी देना होता है। यह जीएसटी क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन के इंटरेस्ट पर लगता है। जाहिर है कि अगर आपने क्रेडिट कार्ड से किए खर्च को ईएमआई में तब्दील किया तो बिल आने पर इंटरेस्ट के ऊपर 18 फीसदी जीएसटी भी जुड़ा हुआ मिलेगा। मिसाल के तौर पर अगर आप ईएमआई के लिए 20 फीसदी ब्याज दे रहे हैं, तो उस पर 18 फीसदी जीएसटी जोड़ने के बाद ब्याज की पूरी लागत 23.6 फीसदी हो जाएगी।

### क्रेडिट कार्ड इंटरेस्ट पर जीएसटी

हमने क्रेडिट कार्ड के सामान्य ईएमआई पर लगने वाले जीएसटी की बात की, लेकिन आपके मन में ये सवाल उठ रहा होगा कि अगर हमारी ईएमआई 'नो कॉस्ट' है, तो भला उस पर जीएसटी क्यों लगेगा? दरअसल, नो-कॉस्ट ईएमआई के मामले में भी आमतौर पर ऐसा नहीं होता कि क्रेडिट कार्ड कंपनी ब्याज न ले। असल में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाला बैंक तो ब्याज लेता है, लेकिन सामान बेचने वाला रिटेलर ईएमआई के पूरे टेन्योर के दौरान वसूले जाने वाले ब्याज के बराबर रकम आपको इंस्टैंट डिस्काउंट के रूप में ऑफर कर देता है। इसलिए वो दावा करता है कि आपके लिए इस ईएमआई की कोई लागत नहीं है, लेकिन ऑफर किए जा रहे डिस्काउंट में आमतौर पर सिर्फ ईएमआई का ब्याज शामिल होता है, उस ब्याज पर सरकार की तरफ से वसूला जाने वाला जीएसटी नहीं। मिसाल के तौर पर अगर क्रेडिट कार्ड ईएमआई का ब्याज सालाना 20 फीसदी है, तो आपको उस पर 18 फीसदी जीएसटी देना होगा, जो ईएमआई की कुल रकम के 3.6 फीसदी के बराबर होगा।

**यह भी संभव :** हो सकता है आपको प्रोसेसिंग फीस या किसी और चार्ज के रूप में कुछ और पैसे भी देने पड़ें। इसलिए अगर आप क्रेडिट कार्ड की खरीदारी को ईएमआई या नो कॉस्ट ईएमआई में तब्दील कराने की सोच रहे हैं, तो पहले इन सभी अतिरिक्त लागतों को जोड़कर उसकी लागत निकालें और तभी कोई फैसला करें।

# बल्क/ब्लॉक/इनसाइडर डील क्या है?



दीपशा तनेजा
फाइनेंसियल एडवाइजर

**स्टॉक में निवेश करने वाले जरूर जान लें इन टर्म के बारे में, थोक डील एक ऐसा व्यापार, जहां एक एकल निवेशक लेनदेन के माध्यम से इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है**



**याद रखें कि थोक सौदे आपके समग्र विश्लेषण में केवल एक कारक हैं, और इस जानकारी को एक व्यापक ट्रेडिंग रणनीति के साथ एकीकृत करना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, हमेशा जानकारी को सत्यापित करें, बाज़ार नियमों के बारे में सूचित रहें और व्यापारिक निर्णय लेने से पहले वित्तीय पेशेवरों से परामर्श करने पर विचार करें।**

शेयर बाजार में बल्क यानी थोक सौदे, व ब्लॉक डील बहुत महत्वपूर्ण है। स्टॉक में निवेश करने वालों को इन टर्म के बारे में पता होना चाहिए। शेयर बाजार में इन दो लोकप्रिय प्रकार के सौदों के अलावा, एक और प्रकार का सौदा होता है जो ऐसे व्यक्तियों द्वारा होता है जो कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच रखने वाले प्रमोटर या निवेशक समूह होते हैं। इस प्रकार के सौदों को अंदरूनी सौदे यानी इनसाइडर डील के रूप में जाना जाता है। अब इन्हें और विस्तार से समझते हैं। थोक डील क्या है? बल्क यानी थोक डील एक ऐसा व्यापार है जहां एक एकल निवेशक एक लेनदेन के माध्यम से किसी कंपनी के 0.5% से अधिक इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है। इसलिए, उदाहरण के लिए, यदि कंपनी ए के पास कुल बकाया शेयरों की संख्या 1 करोड़ है, तो एक थोक सौदे में एक ही लेनदेन में कम से कम 50,000 शेयर (1 करोड़ का 0.5%) खरीदना या बेचना शामिल होगा। सभी एनएसई थोक सौदे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं, और सभी बीएसई थोक सौदे वास्तविक समय में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं और दिन के अंत में जनता के लिए उपलब्ध होते हैं। तो, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर किए गए कोई भी थोक सौदे एनएसई थोक सौदे हैं, जबकि यदि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर थोक सौदे किए जाते हैं, तो वे बीएसई थोक सौदे हैं। ये सौदे संस्थागत निवेशकों, म्यूचुअल फंड और अन्य बड़े बाजार सहभागियों की व्यापारिक गतिविधि में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं, जो स्टॉक की कीमत और समग्र बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

### ब्लॉक डील क्या है?

एनएसई ब्लॉक डील या बीएसई ब्लॉक डील थोक डील से काफी अलग हैं; ब्लॉक डील के मामले में, दो ज्ञात पक्षों के बीच एक सहमत मूल्य पर न्यूनतम 10 करोड़ रुपये मूल्य के बड़ी संख्या में शेयरों की खरीद या बिक्री होनी चाहिए। हाँ! एक ब्लॉक डील में, खरीदार और विक्रेता दोनों पहले से ही एक-दूसरे को जानते हैं, और सौदे पर ऑफ-मार्केट बातचीत की जाती है, जिसका अर्थ है कि इसे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से निष्पादित नहीं किया जाता है जहां अधिकांश खुदरा निवेशक शेयर खरीदते और बेचते हैं। ब्लॉक डील को विशेष ॻब्लॉक डील विंडोॻ पर एकल लेनदेन के माध्यम से अलग से निष्पादित किया जाता है, जो आम तौर पर सुबह के सत्र में केवल 35 मिनट के लिए खुला होता है।

## बल्क सौदे बनाम ब्लॉक सौदे डील का आकार

#### ब्लॉक डील

इसमें बड़ी मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, जो आमतौर पर स्टॉक एक्सचेंज द्वारा निर्धारित पूर्वनिर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक होते हैं (उदाहरण के लिए, 5,00,000 शेयर या भारत में न्यूनतम मूल्य 5 करोड़ रुपये)। ब्लॉक डील का आकार पर्याप्त होता है, और लेनदेन मूल्य महत्वपूर्ण हो सकता है।

#### बल्क डील

इसमें पर्याप्त मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, लेकिन स्टॉक एक्सचेंज द्वारा परिभाषित कोई विशिष्ट न्यूनतम मात्रा नहीं होती है। किसी कंपनी के इक्विटी शेयरों के न्यूनतम 0.5% वाले लेनदेन को अक्सर थोक सौदे माना जाता है। थोक सौदे का आकार महत्वपूर्ण है लेकिन ब्लॉक सौदे जितना बड़ा नहीं हो सकता है।

### निष्पादन

#### ब्लॉक डील

एक विशेष व्यापार के माध्यम से निष्पादित। स्टॉक की कीमत पर प्रभाव को कम करने के लिए नियमित बाजार घंटों से अलग विंडो या तंत्र। ब्लॉक डील के लिए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को बड़े लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए डिजाइन किया गया है।

#### थोक सौदा

सामान्य बाजार घंटों के दौरान स्टॉक एक्सचेंज के नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित। लेन-देन नियमित बाज़ार गतिविधि के साथ एकीकृत होते हैं और स्टॉक की कीमत पर तुलनात्मक रूप से कम प्रभाव पड़ सकता है।

### प्रकटीकरण

#### ब्लॉक डील

मात्रा, कीमत और प्रतिभागियों सहित ब्लॉक डील विवरण का तत्काल और अनिवार्य खुलासा आवश्यक है। यह बाजार में पारदर्शिता और सूचना का समय पर प्रसार सुनिश्चित करता है।

#### थोक सौदा

ब्लॉक सौदों की तुलना में थोक सौदों के लिए प्रकटीकरण आवश्यकताएँ कम कठोर हैं। हालाँकि एक्सचेंजों को प्रकटीकरण की आवश्यकता होती है, यह प्रक्रिया तत्काल या विस्तृत नहीं हो सकती है।

### प्रतिभागी

#### ब्लॉक डील

इसमें आमतौर पर संस्थागत निवेशक, म्यूचुअल फंड या बड़े वित्तीय संस्थान शामिल होते हैं। संस्थागत प्रतिभागी अक्सर बाजार पर अत्यधिक प्रभाव डाले बिना महत्वपूर्ण लेनदेन निष्पादित करने के लिए ब्लॉक डील में संलग्न होते हैं।

#### थोक सौदा

इसमें खुदरा निवेशकों, उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों और छोटे संस्थागत खिलाड़ियों सहित प्रतिभागियों का एक विविध समूह शामिल हो सकता है। कठोर न्यूनतम मात्रा सीमा के अभाव के कारण थोक सौदे प्रतिभागियों की एक विस्तृत श्रृंखला को आकर्षित कर सकते हैं।

### ध्यान रखें

हालांकि, व्यापक दृष्टिकोण से, थोक सौदे और ब्लॉक सौदे दोनों समान लगते हैं, क्योंकि इसमें महत्वपूर्ण मात्रा में शेयरों की खरीद या बिक्री शामिल होती है। हालाँकि, उनमें से प्रत्येक की विशिष्ट विशेषताएं हैं, जिन्हें चार मापदंडों के आधार पर समझाया गया है। संक्षेप में, थोक और ब्लॉक सौदों के बीच मुख्य अंतर उनके आकार मानदंड, निष्पादन के तरीके और बाजार दृश्यता पर प्रभाव हैं। दोनों सौदों में महत्वपूर्ण संख्या में शेयर शामिल हैं, लेकिन ब्लॉक सौदे पूर्ण मात्रा/मूल्य पर अधिक केंद्रित होते हैं और बाजार के प्रभाव को कम करने के लिए ऑफ-मार्केट निष्पादित किए जाते हैं। दूसरी ओर, थोक सौदे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित किए जाते हैं, जो बाजार की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

## इनसाइडर डील क्या है?

जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, ये सौदे प्रमोटर समूहों या निवेशक समूहों के व्यक्तियों द्वारा किए जाते हैं। लेकिन चूंकि ऐसे व्यक्तियों के पास कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच होती है, इसलिए अनुचित लाभ या स्टॉक में हेरफेर को रोकने के लिए, बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा ऐसे सौदों की बारीकी से निगरानी की जाती है। अंदरूनी व्यापार को आम तौर पर तब अवैध माना जाता है जब इसमें कंपनी के व्यक्तियों द्वारा गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर शेयरों का व्यापार शामिल होता है। हालाँकि, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि हालाँकि अंदरूनी सौदे एक चिंता का विषय हैं, लेकिन अंदरूनी सूत्रों द्वारा किए गए सभी लेनदेन अवैध नहीं हैं। अंदरूनी सूत्रों को कुछ शर्तों के तहत अपनी कंपनी की प्रतिभूतियों का व्यापार करने की अनुमति है, जैसे विशिष्ट रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का पालन करना और महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर व्यापार करने से बचना।

## ट्रेडिंग अवसरों की पहचान कैसे करें?

#### थोक डील डेटा तक पहुंचें

एनएसई अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर थोक सौदों की जानकारी प्रदान करता है। आप दैनिक थोक डील डेटा पा सकते हैं जिसमें स्टॉक का नाम, कारोबार की मात्रा, कारोबार की कीमत और खरीदारों और विक्रेताओं के नाम जैसे विवरण शामिल हैं।

#### थोक सौदों के महत्व को समझें

पहचानें कि थोक सौदों में बड़े लेनदेन शामिल होते हैं, और संस्थागत निवेशक या उच्च-निवल मूल्य वाले व्यक्ति अक्सर इन सौदों में भाग लेते हैं। थोक सौदों के माध्यम से स्वामित्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव बाजार की धारणा में बदलाव का संकेत दे सकता है।

#### रुझान और पैटर्न देखें

रुझानों और पैटर्न की पहचान करने के लिए विशिष्ट शेयरों के ऐतिहासिक थोक सौदे डेटा विश्लेषण करें। आवर्ती खरीदारों या विक्रेताओं, व्यापारिक गतिविधि में वृद्धि, या समय के साथ थोक सौदों की एक श्रृंखला की तलाश करें।

#### कारोबार की मात्रा पर विचार करें

थोक सौदे में कारोबार किए गए शेयरों की मात्रा पर ध्यान दें। स्टॉक के औसत ट्रेडिंग वॉल्यूम के सापेक्ष बड़ी मात्रा निवेशकों की बढ़ी हुई रुचि या संभावित संस्थागत गतिविधि का संकेत दे सकती है। थोक सौदों से जुड़े मूल्य उतार-चढ़ाव का मूल्यांकन करें। एक थोक सौदे के बाद एक महत्वपूर्ण मूल्य परिवर्तन यह संकेत दे सकता है कि सौदे ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है, और आगे की कीमत में उतार-चढ़ाव की उम्मीद की जा सकती है।

#### अंदरूनी व्यापार की जांच करें

जबकि थोक सौदे स्वयं अंदरूनी व्यापार का संकेत नहीं दे सकते हैं, असामान्य या अप्रत्याशित व्यापारिक गतिविधि की जांच की जानी चाहिए। किसी भी बाद की घोषणा या समाचार पर नज़र रखें जो थोक सौदे की गतिविधि को समझा सके।

#### तकनीकी विश्लेषण का प्रयोग करें

संभावित प्रवेश या निकास बिंदुओं की पहचान करने के लिए तकनीकी विश्लेषण उपकरणों और संकेतकों के साथ थोक सौदे की जानकारी को संयोजित करें। चार्ट पैटर्न, समर्थन और प्रतिरोध स्तर और अन्य तकनीकी संकेतों को देखें जो थोक डील डेटा के साथ संरेखित होते हैं।

#### सेक्टर रुझानों की निगरानी करें

व्यापक बाज़ार संदर्भ और सेक्टर रुझानों पर विचार करें। संभावित व्यापारिक अवसरों का विश्लेषण करते समय विशिष्ट क्षेत्रों या उद्योगों में थोक सौदे अधिक प्रासंगिक हो सकते हैं। बाज़ार समाचार, कंपनी घोषणाओं और व्यापक आर्थिक कारकों पर अपडेट रहें। बाहरी घटनाएं स्टॉक की कीमतों को प्रभावित कर सकती हैं और थोक सौदा गतिविधि को संदर्भ प्रदान कर सकती हैं।

#### जोखिम प्रबंधन

अपनी पूंजी की सुरक्षा के लिए जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करें। जबकि थोक सौदे बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं, किसी भी व्यापारिक अवसर के समग्र जोखिम और इनाम पर विचार करना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### ऑटो व ई रिक्शा पर लगे यूनिक आईडी स्टीकर

**हिसार।** हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए गए सेफ सिटी कैंपेन के तहत पुलिस द्वारा ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा पर यूनिक आईडी स्टीकर लगाने का काम जारी है। इसके साथ ही पुलिस बिना रूट परमिट और कागजात के चलने वाले ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा की पहचान भी कर रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को जिला पुलिस लाइन में 19 ऑटो व ई रिक्शा को यूनिक आईडी स्टीकर लगाए गए और 6 ऐसे ऑटो और ई रिक्शा की पहचान की गई जिनके कागजात पूर्ण नहीं थे। उनका भी पुलिस के पास रजिस्ट्रेशन कर, उन्हें कागजात पूर्ण करने के लिए समय दिया गया है। कागजात पूर्ण उपरांत इन पर भी यूनिक आईडी स्टीकर लगाए जाएंगे।

### युवाओं को नशे से दूर के लिए किया प्रेरित

**हिसार।** अर्बन एस्टेट पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई सिकंदर ने कहा है कि युवा शक्ति अगर स्वस्थ व शिक्षित होगी तो, तभी सशक्त राष्ट्र व खुशहाल समाज का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि युवा नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। एएसआई सिकंदर शनिवार को जाट कॉलेज मैदान में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। वे पुलिस नशा मुक्ति और यूथ एंगेजमेंट अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर रहते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों मे बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे थे।

### दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में शिविर लगाया

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय महाराजा अग्रसेन जिला नागरिक अस्पताल स्थित डिस्ट्रक्टि अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) में शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन उप-सिविल सर्जन डॉ विकास पूरी व फॉमेसी ऑफिसर राजन वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के तहत डीईआईसी में विकासात्मक देरी, वाणी में देरी, दृष्टि हानि, जन्मजात हृदय रोग, क्लब फुट, कटे होंठ और तालु, एनीमिया, श्रवण हानि, जन्मजात मोतियाबिंद तथा जन्मजात बहरापन आदि गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।

### लंबित मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**हांसी।** एआईयूटीयूसी हिसार जिला कमेटी के प्रधान कामरेड सत्यनारायण भाटोल, प्रदेश उपाध्यक्ष व सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने सरकार से मजदूर व कर्मचारियों की समस्याओं व लंबे समय से लंबित मांगों का तुरंत प्रभाव से समाधान करने की मांग करते हुए प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा है।

### निर्माण मजूदरों का डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन कल

**हिसार।** भवन निर्माण कामगार यूनियन ने 18 दिसंबर को डीसी कार्यालय पर किए जाने वाले आक्रोश प्रदर्शन को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। यूनियन के जिला सचिव मनोज सोनी ने बताया कि श्रम मंत्री अनूप धानक के उकलाना हलके के निर्माण मजदूर भी प्रदर्शन में शामिल होंगे। प्रदर्शन के चलते पूरी तरह से निर्माण कार्य बंद रहेगा।

### जूते व जर्सियां वितरित अभियान 18 से

**हिसार।** जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर सेवार्थ भाव से हिसार व आसपास के सरकारी विद्यालयों में जूते व जर्सियां वितरित करने का अभियान चलाएगा। सेंटर की निदेशक मनीषा जैन ने बताया कि 18 दिसंबर से शुरू होने वाले इस अभियान के तहत सरकारी विद्यालयों के जरूरतमंद बच्चों को जूते व जर्सियां निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। अभियान की शुरुआत गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल से की जाएगी।

## गारणपुरा कलां और खुर्द गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत

# भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में सभी नागरिक दें योगदान:जिला परिषद चेयरपर्सन

कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक व पूर्व विधायक शशिरंजन परमार ने मुख्य रूप से भाग लिया।



**तोशाम।** कार्यक्रम में उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करने का संकल्प दिलवाते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

विकसित भारत संकल्प यात्रा का शनिवार को गांव गारणपुरा कलां व खुर्द में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक व पूर्व विधायक शशिरंजन परमार ने मुख्य रूप से भाग लिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए लोगों को संकल्प भी दिलवाया गया। जिप चेयरपर्सन मलिक ने कहा कि वर्तमान केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा समाज के गरीब एवं वंचित लोगों को उनका हक दिलवाया जा रहा है। लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे कल्याणाकारी योजनाओं का घर द्वार पर लाभ उठाएं।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए सभी नागरिक अपना पूर्ण सहयोग दें। मोदी सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि देश में कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा न रहे। पूर्व विधायक शशिरंजन परमार ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं तथा विकास कार्यो की जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिया। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीब पात्र परिवारों को पांच लाख रुपये तक वार्षिक स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को आगामी पांच वर्षो के लिए बढ़ाया गया है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा किसान प्रकोष्ठ के जिला प्रधान कुलदीप पायल, क्रेशर एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण मलिक, गारणपुराकलां के सरपंच प्रतिनधि महेंद्र, उमेद पूनियां, रामधन, सज्जन, प्राचार्य सीताराम, मास्टर बलवान, रुलिराम शर्मा, जगदीश प्रसाद, रामफल, चंद्रप्रकाश, मानसिंह, विनय शर्मा आदि गणमान्य नागरिक, विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### आज सुबह 11 बजे हुडा पार्क और दोपहर दो बजे बैंक कालोनी पार्क में पहुंचे यात्रा

**भिवानी।** ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी क्षेत्र के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पांचवी वैन द्वारा जिला के शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम शुरू होंगे। 17 दिसंबर रविवार को भिवानी शहर में कार्यक्रम होंगे, इनमें नागरिकों को योजनाओं व सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी हैं। ये जानकारी भारत संकल्प यात्रा अभियान की जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी अनुपमा अंजलि ने दी। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में वैन द्वारा भिवानी में 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से एक बजे तक हुडा पार्क के सामने तथा दोपहर दो बजे से सांय चार बजे तक बैंक कालोनी पार्क, नजदीक आंबेडकर भवन में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नागरिकों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं की जानकारी के अलावा उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। कार्यक्रमों में एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी संदेश सुनाया जाएगा।

## प्रधानमंत्री ने बढ़ाया विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रतिभागियों का उत्साह

**चरखी दादरी।** प्रधानमंत्री मोदी लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़े हुए हैं और स्वयं लाइव आकर यात्रा के प्रतिभागियों सहित लोगों का उत्साह बढ़ा रहे हैं, ऐसे ही शनिवार को फिर से प्रधानमंत्री विभिन्न स्थानों पर लाभार्थियों से रूबरू हुए और अपने संबोधन से यात्रा के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को दादरी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। दादरी के आंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद के चेयरमैन बक्शिराम सैनी, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेंद्र सिंह, एसडीएम नवीन कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष सतेंद्र परमार, संजय छापरिया, ओमबीर महाराणा व नवीन सैनी ने अतिथि के तौर पर शिरकत की। वक्ताओं ने कहा कि देश की बागडोर ऐसे नेता के हाथ में है, जिसने अपनी कार्यशैली से पूरी दुनिया में भारत की प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पहले जो देश भारत के लोगों को



विजा तक नहीं देते थे, आज उन्हीं देशों ने भारत के लोगों के लिए विजा फ्री कर दिया है। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य है कि देश के बच्चो को शिक्षा की अच्छी व्यवस्था मिले, जरूरतमंदों को रोजगार मिले और बीमार को इलाज की अच्छी सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि देश के लोगों और विशेषकर युवाओं की बदौलत भारत 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन में लगी एलईडी पर प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई नई-नई योजनाओं व सरकार की उपलब्धियों पर आधारित शार्ट फिल्में दिखाई गई, इन फिल्मों में देश और प्रदेश की प्रगति को खूबसूरती से दर्शाया गया था। इस दौरान एसडीएम सुरेश कुमार, सहकारिता समिति चेयरमैन सुधीर चांदवास, पूर्व जिला पार्षद राजबाला श्योरान, सुनील इंजीनियर, परविंदर मांढी, सीताराम सरपंच, बलबीर मालिक, संदीप व्यापार मंडल प्रधान, ओमप्रकाश सरपंच, सुरेश पूर्व सरपंच, बलवान आर्य, प्रदीप बाढड़ा, रामकिशन हालुवास आदि उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा किया स्वागत



**लोहारू।** जिप की वाइस चयेरपर्सन सुनीता जांगड़ा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की गारंटी सुनिश्चित की गई है। वे शनिवार को गांव ढ़ाणी श्यामा व गिगनाऊ में विकसित भारत संकल्प यात्रा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यतिथि संबोधित कर रही थी। जांगड़ा ने कहा कि इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोग सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए पहुंच रहें हैं। गिगनाऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव कार्यक्रम भी दिखाया गया। उन्होंने दोनो कार्यक्रमों में ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि भारत व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। यात्रा-जनसंवाद के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को और अधिक लाभान्वित कर रही है। कार्यक्रम में बीडीपीओ धर्मपाल, डीडीए डॉ. विनोद फोगाट, खंड शिक्षा अधिकारी विजयप्रभा, एसडीओ सुभाष, संजय जांगड़ा, दीपक शर्मा, सरपंच मंजू, मनोज कुमार, सोनू शर्मा, एसडीओ अनिल सांगवान, साहिल गैस से पवन, पूर्व सरपंच मांगेराम, मंडल अध्यक्ष कैप्टन रामफल श्योराण, होशियार सिंह, प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद, श्याम सुन्दर सांगवान आदि मौजूद थे।



### सांसद ने स्टॉलों का किया अवलोकन

**बाढ़ड़ा।** प्रधानमंत्री मोदी लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़े हुए हैं और स्वयं लाइव आकर यात्रा के प्रतिभागियों सहित लोगों का उत्साह बढ़ा रहे हैं, ऐसे ही शनिवार को एक बार फिर से प्रधानमंत्री विभिन्न स्थानों पर लाभार्थियों से रूबरू हुए और अपने संबोधन से यात्रा के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। शनिवार को बाढ़ड़ा के राजकीय स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें सांसद धर्मबीर सिंह ने शामिल होकर हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाई। सांसद ने स्टॉलों का अवलोकन किया और प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि देश की बागडोर एक ऐसे नेता के हाथ में है, जिसने अपनी कार्यशैली से पुरी दुनिया में भारत की प्रतिभा का लोहा मनवाया है, पहले जो देश भारत के लोगों को वीजा तक नहीं देते थे, आज उन्हीं देशों ने भारत के लोगों के लिए वीजा फ्री कर दिया है।

# विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

- देशभक्तों एवं शहीदों की शहादत की बदौलत हम खुली हवा में लें रहे सांस: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में सरजीत सिंह मेमोरियल खेल सोसाइटी के बैनर तले एथलेटिक्स कोच सरजीत सिंह की याद में प्रथम एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सांसद धर्मवीर सिंह ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 800 और 1600 मीटर की दौड़ करवाई गई।

पदक विजेता खिलाड़ियों को सांसद ने पुरस्कृत किया।



**भिवानी।** विजेताओं को पुरस्कृत करते सांसद धर्मबीर व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

खिलाड़ियों व खेल प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए सांसद धर्मवीर ने कहा कि आज शिक्षा के साथ-साथ खेल की भी बहुत जरूरत है, अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल उत्सव से भी जुड़ना होगा, क्योंकि खेल हमारे स्वास्थ्य को बनाकर रखना है। कोविड जैसी बीमारियों के दौर में खेलों का बड़ा योगदान है, जिससे हमारा स्वास्थ्य सही रहता है। वहीं विजय दिवस पर उन देशभक्तों एवं शहीदों को याद करते हुए सांसद ने कहा कि हमारे देशभक्त योद्धाओं की शहादत की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के हालात खराब है, कभी यूक्रेन और रूस का युद्ध तो कभी हमास का युद्ध। इन हालतों के बीच हमारे देश में यदि प्रधानमंत्री मोदी नही होते तो न जाने देश में क्या होता। सामाजिक सुधार के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने राजनीतिक फैसले जो लिए हैं वे अद्भुत हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष फूल कुमार, सचिव सुंदर सिंह ,कोष अध्यक्ष जसवंत सिंह, उपाध्यक्ष उमेद सिंह, धर्म सेना के संरक्षक रामकिशन हलवासिया, उद्योगपति धर्मवीर नेहरा, राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज, पार्षद शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

# टैगोर स्कूल के नन्हें वैज्ञानिकों ने फिर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में टैगोर स्कूल के छात्रों ने विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। नारनौंद के सरकारी स्कूल में जूनियर कक्षा छठी से आठवीं और नौवीं से बारहवीं दोनों वर्गो के लिए विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें पांच विषयों-पर्यावरण के लिए जीवनशैली, कृषि,संचार एवम यातायात आदि पर विद्यार्थियों ने अपने मॉडल बनाए। खंड के स्कूलों से सैकड़ों छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। टैगोर स्कूल के नन्हें वैज्ञानिकों ने अपने मॉडलों की शानदार प्रस्तुति देते हुए सर्वाधिक स्थान प्राप्त करके एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा। जूनियर ग्रुप में अमन पाली व आर्यन पाली ने पर्यावरण के लिए जीवनशैली में प्रथम, इमरान बुडाना व दीपक ढाणी ने कम्प्यूटेशनल थिंकिंग में प्रथम, जसमेर पेटवाड़ व दीक्षित ने संचार व यातायात में प्रथम, दीपांशु व वंश ने कृषि विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सीनियर ग्रुप में मुस्कान अत्तर मिल्कपुर, वाणी राजथल ने पर्यावरण के लिए जीवन शैली में प्रथम, तुषार व दीपेश ने कृषि में प्रथम, महक व प्रिया नारनौंद ने संचार एवं यातायात में तीसरा स्थान प्राप्त किया। ये नन्हें वैज्ञानिक अब अपने मॉडलों को आगामी जिलास्तरीय प्रदर्शनी में प्रस्तुत करेंगे।



**नारनौंद।** टैगोर स्कूल की छात्रा अपने मॉडलों के साथ विक्ट्री का चिन्ह बनाए हुए।



# लुवास्ता ने काले बिल्ले लगाकर जताया रोष

- लुवास प्रशासन पर प्राध्यापक की अनदेखी करने का लगाया आरोप
- 18 दिसंबर को कुलपति कार्यालय पर सांकेतिक धरने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लुवास प्राध्यापक संगठन (लुवास्ता) ने लुवास प्रशासन की नकारात्मक कार्यप्रणाली के विरुद्ध आम सभा द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार शनिवार को काले बिल्ले लगाकर रोष जताया। इस मौके पर लुवास्ता के प्रधान डॉ. अमित पूनिया ने कहा कि गत दिवस लुवास्ता की आम सभा हुई थी और उसमें लुवास्ता ने विवि अधिकारियों तथा कुलपति के साथ हुई मांग पत्र संबंधित बैठक के बारे में अवगत कराया गया।

बैठक में विवि प्रशासन के नकारात्क रवैए पर लुवास्ता सदस्यों ने रोष जताया। डॉ. पूनिया ने कहा कि प्रशासन प्राध्यापकों से तो यह अपेक्षा रखता है कि वो विश्वविद्यालय को नई उच्चाईयों पर ले जाए, परन्तु स्वयं पिछले 2 सालों से प्राध्यापकों की नियुक्ति करने में विफल रहा है। विश्वविद्यालय में कम प्राध्यापक होने के बावजूद उन्हें बाहर विश्वविद्यालय द्वारा बनाएं गए नए सेंटरों में ट्रांसफर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर को कुलपति कार्यालय के सामने सुबह 11 से 1 बजे दोपहर तक सांकेतिक धरना लेने का निर्णय लिया गया है।

अगर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्राध्यापकों की समस्याओं का कोई निदान नहीं किया गया तो आगे लंबा धरना लगाया जाएगा व राज्य सरकार के सामने इन मुद्दों के हल के लिए अपना पक्ष रखा जाएगा। बैठक में लुवास्ता के उपप्रधान डॉ. ज्ञान सिंह, सचिव डॉ. स्वाति दहिया, सह-सचिव डॉ. स्नेहिल गुप्ता, खजांची डॉ. सोनू, पूर्व प्रधान डॉ. अशोक मलिक एवं डॉ. संदीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### त्वरित गणितीय गणना प्रतियोगी परीक्षाओं में अत्यंत सहयोगी: सांगवान



**चरखी दादरी।** आर्यन कोचिंग सेंटर संचालक मास्टर रविंद्र सांगवान की अगुवाई में विद्यार्थियों को कम समय में अधिक प्रश्नों के उत्तर सहज तरीके से देने की तैयारी करवाई जा रही है। जिसको लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गणित विशेषज्ञ आनंद स्वरूप वर्मा ने विद्यार्थियों को टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि आज के युग में अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान गणित व विज्ञान विषय काफी महत्वपूर्ण हो चुके हैं। विशेष तौर पर त्वरित गणितीय गणना प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का नया मापदंड बनकर उभरा है। वर्मा ने युवओं को तेजी से बड़ी संख्यों की गुणा, भाग व अन्य सूत्र बताए। आसान विधि से बड़ी संख्याओं के पहाड़ों की संख्या पता करना सहित अन्य सूत्र दिए। उन्होंने युवाओं को बताया कि आज की तेज-तर्रार दुनिया में प्रतियोगी परीक्षाएं अवसरों और सफलता का प्रवेश द्वार बन गई हैं। चाहे वह विभिन्न व्यावसायिक प्रमाणन परीक्षाएं हों उमें समय प्रबंधन एक सामान्य कारक महत्वपूर्ण रहता है। मानसिक गणित करने की क्षमता इस संबंध में गेम-चेंजर हो सकती है।

# महाराजा शूरसेन सैनी जयंती पर हवन-यज्ञ 20 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



- हिसार शहर के अलग-अलग क्षेत्र में जयंती कार्यक्रम होगा आयोजित

सावित्रीबाई फुले सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आगामी 20 दिसम्बर को हर वर्ष की भांति महाराजा शूरसेन सैनी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। इस बार जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम वार्ड नंबर आठ के राजीव नगर की गली नंबर तीन में नाले वाले रोड के पास हवन-यज्ञ व पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सोसायटी कार्यकारिणी सदस्य रवि सैनी जमालपुरिया ने बताया कि सावित्रीबाई फुले सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हर साल महाराजा शूरसेन सैनी जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है।

## फर्राटा दौड़ में रितु महाराणा व 400 मीटर दौड़ में प्रगति अव्वल

# मटका दौड़ में प्रमिला व साइकिल दौड़ में मीनू प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित जिला सतरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 88 वर्षीय बुजुर्ग सुखबीर सिंह दहिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के तौर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर ने शिरकत की।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के लिए ऐसी खेलकूद प्रतियोगिता करवाते रहना चाहिए। विभाग का ये आयोजन एक सराहनीय कार्य है। खेल, व्यायाम आदि शारीरिक दक्षता के लिए अति



**चरखी दादरी।** विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

उपयोगी और अनिवार्य है। इससे हमारा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल विकास एवं कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण ने की। उन्होंने महिलाओं को खेलकूद के द्वारा शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने का मंत्र बताया। ग्रामीण महिलाओं द्वारा खेलकूद की साइकिल दौड़, 400 मीटर, 300 मीटर, 100 मीटर ,मटका दौड़ आलू दौड़ कुल छह स्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साइकिल दौड़ में प्रथम स्थान मीनू बिगोवा, द्वितीय स्थान किरण बाढ़ड़ा व तृतीय स्थान प्रियंका निमली ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में प्रगति काहेलावास प्रथम, द्वितीय स्थान प्रीति हुई व तृतीय स्थान प्रियंका मकड़ाना ने प्राप्त किया। 300 मीटर दौड़ में अंतिम दुधवा प्रथम, आरती द्वितीय व तृतीय स्थान प्रतिभा कोहलावास ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिला को 4100, द्वितीय को 3100 व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 2100 का पुरस्कार दिया गया। आलु दौड़ में प्रथम स्थान मोनिका पत्नी नवीन चरखी, मुन्नी बाढड़ा द्वितीय व तृतीय स्थान जयवंती दातौली रही। वहीं मटका दौड़ में प्रथम स्थान हुई निवासी प्रोमिला, द्वितीय स्थान संतोष नीमड, तृतीय स्थान अनीता अटेला कला के साथ-साथ तृतीय स्थान पिंकी दादरी ने हासिल किया। और 100 मीटर (फर्राटा) दौड़ में रितु महाराणा सबसे आगे रही।

## खबर संक्षेप



भिवानी। सेमिनार में किसानों को बागवानी की जानकारी देते विशेषज्ञ।

### बागवानी की खेती से आय बढ़ी : कौशिक

**चरखी दादरी।** जिला बागवानी अधिकारी के सौजन्य से जिला उद्यान अधिकारी डॉ. अरूण शर्मा की अध्यक्षता में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में प्ा्रकृतिक खेती के विषय में डॉ. राजेन्द्र कौशिक व जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. मुरारीलाल ने बागवानी की बारीकियों को विस्तारपूर्वक किसानों से जानकारी दी।



### तकनीकी उपकरणों का महत्व बताया

**लोहारू।** जिला परियोजना संयोजक ज्ञानेंद्र नेहरा ने कहा कि वर्तमान तकनीकी के युग में नई नई तकनीक लोगों के दैनिक जीवन को सीधे प्रभावित कर रही है। पेटीएम, ब्लयूटूथ, क्यू आर कोड, वाईफाई जैसी तकनीकों ने लोगों को जीवन को आसान व सुविधाजनक बनाया है। वे राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में प्राचार्य राजीव आर्य की अध्यक्षता में कौशल मेले का अवलोकन कर रहे थे। मेले में बीईओ विजय प्रभा ने शिरकत की और दैनिक जीवन में तकनीकी उपकरणों का महत्व बताया।

### कांग्रेस पार्टी महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धः रविता

**भिवानी।** कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत गांव तिगड़ाना में महिला चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद रविता सतबीर रतेरा मुख्य रूप से उपस्थित रही। रविता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में आगामी चुनाव में महिलाओं के लिए संकल्प रखे गए है, जिन्हें कांग्रेस की सरकार बनने पर पहली कलम से पूरा करेगी।

# एकल नाटक में राजकीय स्कूल कितलाना की दीपिका रही अव्वल

## सेठ किरोड़ीमल राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में खंड स्तरीय कला उत्सव आयोजित

■ शास्त्रीय संगीत में खरककलां स्कूल से भावना प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के निर्देशानुसार सेठ किरोड़ीमल राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में खंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। कला उत्सव में 10 कलाओं में जिला भिवानी खंड के सैंकड़ों बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़, प्रवेश गौतम, अनिल हलवासिया, मनोज शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि गौड़ ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में गांव व शहर के स्कूली विद्यार्थियों को विभिन्न कलाओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है तथा आगे वे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। प्रवक्ता प्रवेश गौतम ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 9वीं से 12वीं में प्रत्येक स्कूल से एक छात्र व एक छात्रा ने भाग लिया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थि का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रवक्ता दीपमाला, अनिल हलवासिया, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. सरोज, अनुराधा, आशा, ऋतु, सोनिया, रश्मि, डॉ. मनोज शर्मा, सुशीला, ममता पालीवाल ने जज की भूमिका निभाई। मंच संचालन प्रवक्ता मनोज शर्मा ने किया।




भिवानी। हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देती छात्रा और पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान पेंटिंग बनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहा परिणाम

प्रतियोगिता की शास्त्रीय संगीत स्पर्धा में खरककलां स्कूल से भावना प्रथम, संगीत वादन में राजकीय स्कूल मंढाणा से पायल, स्वर वादय में राजकीय स्कूल मंढ़ाणा से आकांक्षा, शास्त्रीय नृत्य में एसआरएस स्कूल से निलिशा प्रथम, जगदीप पुत्री पाठशाला से कृतिका द्वितीय, खरक कलां स्कूल से मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रही। एकल नाटक में राजकीय स्कूल कितलाना से दीपिका प्रथम, मंढाणा स्कूल से नीशा द्वितीय, लोकसंगीत में राजकीय कन्या स्कूल खरक कलां से ज्योत्सना प्रथम, दृश्यकला में राजकीय मॉडल स्कूल भिवानी से जयबीर प्रथम, एकल नाटक में राजकीय स्कूल कितलाना से दीपिका प्रथम, खिलोने बनाने में राजकीय स्कूल पालुवास से तमन्ना प्रथम, थ्रीडी कला में राजकीय कन्या स्कूल भिवानी से ईशा प्रथम रही।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रवक्ता निरज शर्मा, प्राचार्या सीमा काठपालिया, रीमा परमार, राजेश कौशिक, सुभाष कुमार, सुशीला, राकेश रानी बीआरपी, अमित कुमार, सुमन, पूनम, सुशीला, रेनू, राकेश, शकुंतला, अनिता, गीतू व लक्ष्मण गौड़ का विशेष योगदान रहा।


भिवानी। समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करने की शपथ दिलवाते मुख्यातिथि।

## प्रदेश की लड़कियां हर क्षेत्र में अव्वल : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिरहीकलां में प्रार्थना सभा के दौरान मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मशहूर कवि रामप्रताप शर्मा मुख्यतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को स्वरचित कविताओं के माध्यम से भावविभोर कर दिया, उनकी कविताएं समाज में फैली कुरीतियों जैसे बाल विवाह, प्रेम विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा व सामजिक शोषण आदि पर आधारित थी। उन्होंने बेटी-बचाओ बेटी-पढ़ाओ व माता-पिता के प्रेम पर आधारित कविताएं प्रस्तुत की, जिनको सुनकर सभी श्रोता भावविभोर हो गए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को समाज में फैली कुरीतियों को उखाड़ फेंकने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने माता पिता व गुरुजनों द्वारा बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया, जिससे उनका नाम रोशन हो सके। उन्होंने बताया कि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं। स्कूल के चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि हमारा विद्यालय विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार दे रहा हैं, ताकि वे भविष्य में अच्छे नागरिक बन सकें।

### बजीणा स्कूल में एक दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन

**भिवानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बजीणा में एक दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुमेर सिंह की देखरेख में किया गया। कैंप में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय प्राचार्य राजीव शर्मा ने कैंप में प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के प्रयोग से अनेक बीमारियां जन्म लेती हैं व इसके जलाने से पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। कैंप में विद्यार्थियों ने स्कूल प्रांगण की साफ सफाई की तथा विद्यालय को साफ सुथरा बनाया। इस मौके पर प्रवक्ता किरण देवी, जितेंद्र, शलेश, अनिल शर्मा, रमेश रोहिल्ला, संजय, अजय, रामअवतार, सुनीता, मंजू, रिचा, मुनेश, सरला, ज्योति, रवि कुमार, धर्मेंद्र पीटीआई, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

# छात्रों ने श्लोक उच्चारण का किया अभ्यास

■ विवेकानंद हाई स्कूल में सांस्कृतिक उत्सव में दिखाई विद्यार्थियों ने प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गीता जयंती महोत्सव को लेकर हनुमान ढ़ाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल में सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने गीता को समर्पित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर कलाकार विद्यार्थियों को विद्यालय की तरफ से गीता की पुस्तक देकर सम्मानित किया। तीन दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज व स्कूल की संचालिका सावित्री यादव ने कहा कि गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज, जिओ गीता और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के मार्गदर्शन में विद्यालय में हर रोज विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा संगीत में अष्टादश गीता श्लोक के उच्चारण पाठ किया जाता है। आज तीन दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया और जयंती के दिन एक समय एक साथ गीता पाठ का अभ्यास किया। विद्यार्थियों को गीता पाठ के साथ-साथ समाज और राष्ट्र से जुड़ी बातें भी बताई जाती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को पानी, पर्यावरण के संरक्षण व नशे जैसी बुराई से बचने के लिए समय-समय पर जागरूक किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय संचालिका सावित्री यादव, ग्रेसी कुट्टी, प्राचार्या समी यादव, सतीश यादव, राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज, उर्मिला सैनी, सरला अग्रवाल, सुमित मलिक, वंदना अग्रवाल, कविता, बबीता देवी, समाजसेविका अंजू शर्मा, कपिल वर्मा आदि मौजूद रहे।



भिवानी। विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# शूटिंग में हिमांशी रही तृतीय

■ बीपीएस की हिमांशी अब राष्ट्रीय स्तर पर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में लगाएगी निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी पब्लिक स्कूल की कक्षा नौवीं की छात्रा हिमांशी ने कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय शूटिंग एयर पिस्टल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया है।

56वीं राज्य स्तरीय स्कूली क्रीड़ा प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की एयर पिस्टल प्रतियोगिता की 17 वर्षीय ग्रुप में अपना स्थान अंकित किया है। छात्रा हिमांशी अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय व देश का नाम रोशन करेगी। विद्यालय निदेशिका आशा पाहुजा, सचिव पुलकित पाहुजा, प्राचार्य जोगेंद्र भारद्वाज ने हिमांशी एवं उसके अभिभावकों को उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने हिमांशी की दृढ़ता एवं मेहनत को सराहनीय बताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और भविष्य में इससे अच्छे प्रदर्शन की कामना की।


भिवानी। पदक विजेता हिमांशी को पुरस्कृत करती निदेशिका आशा पाहुजा व अन्य।

## सुमन कालीरमन यूथ कांग्रेस में शक्ति सुपरसी जिला कॉर्डिनेटर नियुक्त की

**चरखी दादरी।** मोरवाला निवासी सुमन कालीरमन को कांग्रेस द्वारा चलाए गए शक्ति सुपर सी कैंपेन का जिला कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी



नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह, दीपेंद्र हुड्डा, दिव्यांशु बुद्धि राजा तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मनीषा सांगवान सहित पार्टी हाईकमान का आभार जताया है। सांगवान ने बताया कि कांग्रेस ने महिलाओं को उनके हकों की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर में शक्ति सुपर सी कैंपेन चलाया है, जिसके लिए सुमन कालीरमन को जिला कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है। सुमन महिलाओं के हकों की लड़ाई लड़ने व महिलाओं को जागरुक करने में पूरी तरह से सक्षम है। महिलाओं के प्रति काम करने की रूचि व पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए ही उनका नाम उपर भेजा गया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005




## दिव्यांगजन राज्य आयुक्त ने प्रयास स्पेशल स्कूल का किया दौरा

**भिवानी।** दिव्यांगजन राज्य आयुक्त अधिवक्ता राजकुमार मक्कड़ ने आज प्रयास स्पेशल स्कूल का दौरा किया। स्कूल के बच्चों ने उनका तिलक लगाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। दिव्यांगजन राज्य आयुक्त मक्कड़ ने स्कूल का निरीक्षण किया। सभी बच्चों के बारे में व स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। बच्चों द्वारा बनाई गई कैंडल भेंट की। स्कूल की तरफ से स्मृति चिन्ह दिया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई के विधि सहपरिवीक्षा अधिकारी राजकुमार कोठारी ने गुलदस्ता भेट किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों को लेकर किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार और दिव्यांगजन आयोग उनके अधिकारों के लिए पूरी तरह से गंभीर है, उनके अधिकारों का हनन नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान सुभाष गोयल, निकेश शाह, रामचंद्र मित्तल, दिनेश गोयल, विकास बंसल, संस्कृति जैन, पंकज, श्याम अग्रवाल, अंकुर जैन, पंकज गुप्ता, सुशीला आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने गौर से देखा पीएम मोदी का लाइव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी/ बवानीखेड़ा

गांव जताई, मंढाणा, आसलवास दुबिया और आसलवास मरहेटा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। दोपहर बाद चार बजे गांव मंढाणा और आसलवास मरहेटा में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विभिन्न प्रांतों में लाभार्थियों से की गई बात का सीधा प्रसारण दिखाया, जिसे ग्रामीणों ने बड़ी गौर से सुना।

गांव मंढाणा में जिलाध्यक्ष शंकर धूपड़ व सह संयोजक रोहताश चौहान भी मौजूद रहे। गांव आसलवास मरहेटा में पूर्व विधायक शशिरंजन परमार शामिल हुए। कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों व युवा वर्ग को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों को यात्रा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में घूम रही एलईडी वैन प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की गाड़ी है। पीएम मोदी का संदेश है कि हर पात्र व जरूरतमंद व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। लोगों को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि वे गांवों में लगे रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों के दौरान विभिन्न विभागों के माध्यम से योजनाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान चार बजे प्रधानमंत्री मोदी की सीधी बात कार्यक्रम को गौर से देखा। लाइव कार्यक्रम को आमजन के साथ-साथ स्कूली बच्चों ने भी उत्सुकता के साथ देखा। कार्यक्रम में उज्जवला योजना का लाभ लेने के लिए अनेक महिलाएं पहुंची, जिनके जरूरी दस्तावेज यहां पर पहुंची, जिनके जरूरी दस्तावेज लिए गए।



### चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर व्यापारियों ने जताया रोष

**भिवानी।** बिचला बाजार स्थित दुकानों में चोरी किए गए सामान की बरामदगी एवं चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर व्यापारी एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी लामबद्ध हुए। कपड़ा मार्केट, सराय चौपटा, किरोड़ीमल मंदिर, बिचला बाजार, बिजलीघर गेड के दुकानदारों ने चोरी की घटनाओं को लेकर विरोध जताया और पुलिस प्रशासन की कार्रवाई प्रणाली पर सवालिया निशान खड़े किए। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर रोष जताया। इसके बाद व्यापारियों के उग्र रूप को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुंची, जहां डीएसपी दलबल सहित पहुंचे और उन्होंने व्यापारियों से मंगलवार 19 दिसंबर तक चोरों को पकड़ने व मामले का खुलासा करने का समय मांगा। उन्होंने कहा कि वे व्यापारियों के चुराए सामान व चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। व्यापारियों ने मंगलवार तक उक्त सामान व चोरों को नहीं पकड़ने पर आगे की रणनीति बनाकर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी व्यापार मंडल के प्रधान जेपी कौशिक ने की।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### दिव्यांगजन आयुक्त ने आस्था स्पेशल स्कूल में लगाया खुला दरबार

# दिव्यांगजन आयुक्त ने सुनीं 80 समस्याएं


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

राज्य दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने शनिवार को आस्था स्पेशल स्कूल में खुला दरबार लगाकर दिव्यांगजनों की समस्या सुनीं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा, दिव्यांगजनों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं हैं।

कार्यक्रम के दौरान आयुक्त मक्कड़ ने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत 21 प्रकार की दिव्यांगता का साइन बोर्ड का विमोचन किया। आयुक्त मक्कड़ ने कहा कि दिव्यांगता का साइन बोर्ड आस्था स्पेशल स्कूल की अनूठी पहल हैं, जिसका विमोचन किया गया है। साइन बोर्ड में 21 प्रकार की दिव्यंकाओं को दर्शाया गया है। इस तरह का साइन बोर्ड प्रत्येक संस्था, होटल, धर्मशाला या पब्लिक प्लेस पर लगाया जाने चाहिए, ताकि इन दिव्यांगता के बारे में जागरूकता फैलें। उन्होंने बताया कि सेवा भारती द्वारा बौद्धिक अक्षम बच्चों के लिए जीवन सेवा केंद्र शुरू करने का विचार कर रहे हैं, जिसमें सरकार का सहयोग रहेगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लगभग 80 दिव्यांगजनों ने समस्याएं बताई और उनका मौके पर समाधान किया गया। आस्था स्पेशल स्कूल की प्राचार्या एवं संचालिका एवं राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड की सदस्य सुमन शर्मा ने राज्य आयुक्त मक्कड़ का आभार व्यक्त किया।



भिवानी। आस्था स्पेशल स्कूल में खुला दरबार लगाकर शिकायत सुनते राज्य दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़।



गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
भिवानी रोजाना मिलें (9am to 7pm)
9728321662
पताः 1st फ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।